सायबर क्राइम को रोकने के लिए

'साय-फाय चैम्पियनशिप 2017'

संवाददाता

पुणे.सायबर सुरक्षा के जनजागरुकता हेतु आयटी सुरक्षा क्षेत्र की क्विक हील टेक्नॉलॉजी और पुणे शहर पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से 'साय-फाय चैम्पियनशिप 2017' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है.इस प्रतियोगिता के अंतर्गत 'सायबर विश्व- मनुष्य के लिए कितना वरदान और कितना अभिशाप?' की थीम पर आधारित नाटक प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा साथ ही अन्य भी कई लोगो को इस नाटक में शामिल होने का अवसर मिलेगा.

■ सायबर सुरक्षा विभाग के पुलिस उपायुक्त मिलिंद पाटील ने कहा कि" डिजिटायजेशन बढ़ने के चलते सायबर अपराध का प्रमाण भी बढ़ गया है और यह खतरा हर रोज़ बड़े पैमाने पर बढ़ता जा रहा है.इसलिए सायबर अपराध के बारे में अब लोगों को जानकारी होना जरुरी है. जिससे वह इन बढ़ते हुए अपराध जगत के चंगुल में ना फंसे और अपनी गाढ़ी कमाई झटके में ना खो दे.

■ ऐसे ही सब बातों और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी देकर नागरिकों को जागरुक किया जायेगा. इसलिए 'साय-फाय चैम्पियनशिप' के द्वारा आधुनिक कला के द्वारा इस बात का प्रचार प्रसार किया जायेगा.इस प्रतियोगिता के लिए पुणे सहित मुंबई, औरंगाबाद, कोल्हापूर, गोवा और नागपूर शहरों के 6 केन्द्रो के माध्यम से सितम्बर से ही आवेदन लिए जा रहे है.